**प्रधान आयुक्तालय, केंद्रीय माल व सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क,**
**मुंबई मध्य का कार्यालय,**
**OFFICE OF THE PR. COMMISSIONER OF CGST & CENTRAL EXCISE, MUMBAI CENTRAL,**
**जीएसटी भवन, महिर्षि कर्वे मार्ग, चर्चगेट, मुंबई-** 400 020
**GST BUILDING, M. K. ROAD, CHURCHGATE, MUMBAI- 400 020**

## परिपत्र

**विषय:- वर्ष 2026, सत्र के केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान के अंतर्गत हिंदी शब्द संसाधन /हिंदी टंकण एवं आशुलिपि के अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम की कक्षाओं का गठन ।**

**Subject:- Constitution of classes for short term intensive training programme of Hindi word processing/Hindi typing and shorthand under Central Hindi Training Sub Institute for the year 2026, session.**

उपनिदेशक (पश्चिम) हिन्दी शिक्षण योजना, सीबीडी, बेलापुर, नवी मुंबई से प्राप्त पत्र संख्या उनि(नमुं)/गहन हिंदी टंकण/आशु/प्रशि./1895 दिनांक 03/11/2025 के अनुसार 12 जनवरी, 2026 से विभिन्न अवधियों के लिए हिंदी शब्द संसाधन /हिंदी टंकण एवं आशुलिपि के अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। इन कक्षाओं का द्वितीय सत्र **दिनांक 23.03.2026 से 21.05.2026 तक (40 पूर्ण कार्यदिवस)** की अवधि का होगा । सभी अनुभागों एवं प्रमंडलों के नियंत्रण अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत अर्हताधारी अधिकारियों के नाम उचित संख्या में अधोहस्ताक्षरी को निर्धारित प्रारूप में भरकर **13 मार्च, 2026 त**क हिन्दी सेल के ईमेल आईडी- hindisectionmcentral@gmail.com पर भेज दें। **आवश्यक संदर्भों के लिए मूल पत्र संलग्न है ।**

As per letter no. उनि(नमुं)/गहन हिंदी टंकण/आशु/प्रशि./1895 dated 03/11/2025 received from the Deputy Director (West), Hindi Teaching Scheme, CBD, Belapur, Navi Mumbai, short-term intensive training classes in Hindi word processing, Hindi typing, and shorthand have commenced from January 12, 2026, for various durations. The second session of these classes will be started from 23.03.2026 to 21.05.2026 (40 full working days). All the Controlling officers of sections and divisions are requested to nominate the eligible officers in the prescribed format to the undersigned by March 13, 2026. Nomination may be forwarded on email ID: hindisectionmcentral@gmail.com within the stipulated period. The original letter is enclosed for necessary references.

**संलग्न - यथोपरि। (As above)**

**(मनमोहन धीर)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

प्रति प्रेषित :-

1. उपायुक्त/ सहायक आयुक्त/ मुख्य लेखाधिकारी, के.. एवं से.क. तथा के. उ. शु. मुंबई मध्य।
2. सभी प्रभारी - समस्त मण्डल, के. मा. एवं से.क. तथा के. उ. शु. मुंबई मध्य।
3. आयुक्त/अपर आयुक्तों के निजी सचिव/निजी सहायक, के. मा. एवं से.क. तथा के. उ. शु. मुंबई मध्य।
4. सूचना पटल

Digitally signed by Manmohan Dheer
Date: 27-02-2026 16:00:01

**(मनमोहन धीर)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

अति तत्काल

भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE

उप निदेशक(पश्चिम) का कार्यालय

OFFICE OF THE DEPUTY DIRECTOR (WEST)

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान

CENTRAL HINDI TRAINING SUB INSTITUTE

पत्र सं./Letter No :उनि(नमुं)/गहन हिंदी टंकण/आशु. प्रशि./2025 / 1895 दिनांक/Date: 03 NOV 2025

सेवा में,

संपर्क अधिकारी (हिंदी),
निदेशक/संयुक्त निदेशक/प्रबंधक(राजभाषा), प्रशासनिक अधिकारी,
केंद्र सरकार के सभी कार्यालय/राष्ट्रीयकृत बैंक, उपक्रम व संगठन आदि।
मुंबई/नवी मुंबई/पुणे/नागपुर/वडोदरा/अहमदाबाद/बैंगलूरु/मंगलूरु/हुब्बल्लि/मैसूर।

विषयः **वर्ष 2026 सत्र के केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान के अंतर्गत हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण एवं आशुलिपि के अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम की कक्षाओं का गठन।**

महोदय/महोदया,

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के **पत्र संख्या 19013/1/2025 केहिप्रसं/967-1667 दिनांक** 13.10.2025 के माध्यम से यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान के अंतर्गत हिंदी टंकण/आशुलिपि अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण का आगामी सत्र 12 **जनवरी,** 2026 से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें **दिनांक** 12.01.2026 **से दिनांक** 10.03.2026 **तक** (40 **पूर्ण कार्य दिवस**) **गहन हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण** की कक्षा संचालित की जाएगी। कृपया अपने कार्यालय में हिंदी टंकण के प्रशिक्षण हेतु शेष/योग्य अधिकारियों/कर्मचारियों को इन कक्षाओं में नामित करें। नामित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची निर्धारित संलग्न प्रपत्र में भरकर केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान के **अनुलग्नक-I** पर दिए गए पते पर दिनांक **05.01.2026** तक अवश्य भेज दें।

**पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान के नवी मुंबई एवं बेंगलुरु केंद्र पर कक्षाएं भौतिक रूप से (ऑफ लाइन) संचालित की जाएंगी।**

**प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारीः**

**हिंदी शब्द संसाधन (कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण) अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण :-**

केवल उन्हीं अधिकारियों/कर्मचारियों को कम्प्यूटरों पर हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जाएगा जिन्होंने अभी तक हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है। **केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान और हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक समान हैं। परंतु ये प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अल्पकालिक (गहन) होने के कारण इनकी नियमित रूप से पूर्णकालिक कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रतिदिन प्रात: 09.30 बजे से सायं 06.00 बजे तक प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। चूंकि यह प्रशिक्षण गहन (Intensive) होता है, इसलिए प्रशिक्षण में प्रवेश लेने के पश्चात प्रशिक्षण पूर्ण होने तक प्रशिक्षण से नाम वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

2../

केंद्रीय सदन,छठी मंजिल, सी विंग-601, सेक्टर-10,सी बी डी, बेलापुर, नवी मुंबई-400614
Kendriya Sadan,6th Floor,C Wing-601,Sector-10, CBD, Belapur,Navi Mumbai-400614
ई मेल/email: ddhts-west-dol@nic.in दूरभाष एवं फैक्स/Tel./Fax No. : 020-26114747

टिप्पणी:-

**वर्ष 2026 के लिए गहन हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सत्रावधि (तिथियां) नीचे दी गई हैं। सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए कार्मिकों के नामांकन उचित समय रहते भेज सकते हैं।**

**अनिवार्य:-** सभी अंग्रेजी टंककों/अवर श्रेणी लिपिकों, डाक विभाग में डाक सहायकों एवं कार्यालय सहायकों, रेल डाक सेवा में छंटाई सहायकों, दूरसंचार विभाग में दूरसंचार सहायकों, आयकर तथा कस्टम एवं एक्साइज विभाग में कर सहायकों, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों, डाटा एंट्री ऑपरेटरों आदि के लिए, इसके अलावा इसमें ग्रुप 'ग' के वे कर्मचारी भी शामिल होंगे जो इसी प्रकृति का कार्य करते हैं और जिनके भिन्न पदनाम और भिन्न वेतनमान हैं।

**स्वैच्छिक :-** **वर्तमान में सहायकों, उच्च (प्रवर) श्रेणी लिपिकों तथा हिंदी अनुवादकों** के लिए हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण अनिवार्य नहीं है लेकिन इन्हें केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान की हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण की कक्षाओं में स्वैच्छिक आधार पर नामित किया जा सकता है एवं हिंदी टंकण की परीक्षा पास करने पर वित्तीय लाभ/वित्तीय प्रोत्साहन आदि के हकदार होंगे। **[का.ज्ञा. सं. – 21034/76/2008-रा.भा.(प्रशि.)/(i) दिनांक 03.12.2008]**

सभी अधिकारियों, जिनके लिए हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण अनिवार्य नहीं है, किंतु उपयोगी है, को स्वैच्छिक आधार पर नामित किया जा सकता है और स्थान उपलब्ध होने पर पर उन्हें कक्षाओं में प्रवेश दिया जा सकता है। लेकिन वे अधिकारी प्रशिक्षण के उपरांत हिंदी टंकण की परीक्षा पास करने पर किसी भी प्रकार के वित्तीय लाभ/वित्तीय प्रोत्साहन आदि के हकदार नहीं होंगे।

**हिंदी में योग्यता :-**

हिंदी के साथ मिडिल (आठवीं) या उसके समकक्ष अन्य कोई परीक्षा जैसे हिंदी शिक्षण योजना की प्रवीण आदि।

**हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण सत्रावधि**

| क्र. | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रशिक्षण की अवधि | प्रशिक्षण की तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण | 40 कार्य दिवस | 12.01.2026 से 10.03.2026 |
| 2. | हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण | 40 कार्य दिवस | 23.03.2026 से 21.05.2026 |
| 3. | हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण | 40 कार्य दिवस | 01.06.2026 से 27.07.2026 |

इस प्रशिक्षण के लिए नामित किये जाने वाले अधिकारी/कर्मचारी नवी मुंबई/बेंगलुरु केंद्र पर भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

**हिंदी आशुलिपि गहन प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी:-**

केवल उन्हीं अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जाएगा जिन्होंने अभी तक हिंदी आशुलिपि का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

| अनिवार्य | स्वैच्छिक | हिंदी में योग्यता |
|---|---|---|
| सभी वर्ग के अंग्रेजी आशुलिपिकों, वैयक्तिक सहायकों, निजी सचिवों हेतु। | अवर श्रेणी लिपिकों/ कनिष्ठ सचिवालय सहायकों/ टंककों हेतु | हिंदी के साथ मैट्रिक या उसके समकक्ष अन्य कोई परीक्षा जैसे हिंदी शिक्षण योजना की प्राज्ञ आदि। |

## हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण सत्रावधि

| क्र. | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रशिक्षण की अवधि | प्रशिक्षण की तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी आशुलिपि | 80 कार्य दिवस | **10.08.2026 से 04.12.2026** |

**विशेष टिप्पणियां:-**

**यदि किसी कारणवश केंद्र पर हिंदी आशुलिपि गहन प्रशिक्षण की कक्षाएं गठित नहीं हो पाती हैं तो उसके स्थान पर हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण प्रशिक्षण कक्षाएं निम्नलिखित दो सत्रों के लिए संचालित की जाएंगी।**

| क्र. | प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रशिक्षण की अवधि | प्रशिक्षण की तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण | 40 कार्य दिवस | **10.08.2026 से 07.10.2026** |
| 2. | हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण | 40 कार्य दिवस | **08.10.2026 से 04.12.2026** |

हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण जानने वाले अवर श्रेणी लिपिकों/कनिष्ठ सचिवालय सहायकों/टंककों को भी हिंदी आशुलिपि कक्षाओं में स्वैच्छिक आधार पर नामांकित किया जा सकता है और कक्षाओं में स्थान रिक्त होने पर प्रवेश दिया जा सकता है, बशर्ते संबंधित विभाग/कार्यालय द्वारा यह प्रमाणित किया जाए कि उस कर्मचारी के हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण का कार्यालय के कार्य में उपयोग किया जाएगा। ऐसे कर्मचारी हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी आशुलिपि परीक्षा उत्तीर्ण करने पर किसी भी प्रकार के वित्तीय लाभ के हकदार नहीं होंगे।

**वित्तीय प्रोत्साहन :-**

- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण तथा आशुलिपि का प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा पास करने पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को निर्धारित शर्ते पूरी करने पर 12 महीने की अवधि के लिए एक वेतनवृद्धि के बराबर राशि का वैयक्तिक वेतन प्रदान किया जाता है। जिन आशुलिपिकों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, वे हिंदी आशुलिपि की परीक्षा पास करने पर दो वेतनवृद्धियों के बराबर वैयक्तिक वेतन पाने के हकदार होंगे।
- **राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिनांक 01 अक्तूबर, 2025 के कार्यालय ज्ञापन संख्या-21034/08/2017-रा.भा.(प्रशि.) के अनुसार अराजपत्रित एवं राजपत्रित दोनों वर्ग के आशुलिपिक हिंदी आशुलिपि परीक्षा में 50% अंक प्राप्त करने पर वैयक्तिक वेतन पाने के हकदार होंगे।**
- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा पास करने पर और निर्धारित शर्ते पूरी करने पर अधोलिखित तालिका के अनुसार नगद पुरस्कार पाने के हकदार होंगे। ***वैयक्तिक वेतन/नकद पुरस्कार आदि का भुगतान संबंधित कार्यालयों द्वारा ही किया जाता है –***

**हिंदी आशुलिपि**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 95 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | ₹ 6000/- |
| 2. | 92 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 95 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | ₹ 4000/- |
| 3. | 88 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 92 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | ₹ 2000/- |

4.../

**हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 97 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | ₹ 6000/- |
| 2. | 95 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 97 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | ₹ 4000/- |
| 3. | 90 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 95 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | ₹ 2000/- |

**परीक्षा शुल्क :-**

- ये प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नि:शुल्क हैं किंतु केंद्र सरकार के निगमों/निकायों/उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि को प्रति कर्मचारी ₹ 100/- की दर से परीक्षा शुल्क देना होगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान **"उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना" नई दिल्ली** (Deputy Director (Exam.), Hindi Teaching Scheme, New Delhi) को देय होना चाहिए। उक्त भुगतान ऑनलाइन भी किया जा सकता है।

**नामांकन विधि :-**

- अनुरोध है कि अपने कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम उपर्युक्त सत्रों हेतु अनुलग्नक-II में भरकर यथाशीघ्र इस कार्यालय को भेजें। अधिक जानकारी के लिए अनुलग्नक-I पर दिए गए सहायक निदेशक के फोन नंबर एवं ईमेल पर संपर्क करें।
- उपर्युक्त संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश **"प्रथम आओ, प्रथम पाओ"** के आधार पर दिया जाएगा।
- प्रशिक्षण हेतु नामित अधिकारियों/कर्मचारियों को कक्षाओं में प्रवेश की पुष्टि ई-मेल/डाक के माध्यम से की जाएगी।
- इस संबंध में पत्र व्यवहार करते समय अपने कार्यालय का पूरा पता, दूरभाष संख्या और ई-मेल का पता अवश्य लिखें, जिससे संपर्क करने में इस कार्यालय को सुविधा हो।
- **प्रशिक्षण में एक बार दाखिला लेने के पश्चात प्रशिक्षण पूर्ण होने तक वापिस कार्यालय जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**विशेष**

कृपया यह सुनिश्चित करें कि कार्मिकों को अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाए।

भवदीया,

गार्गी गाडगिल
31/01/23

**(गार्गी गजानन गाड़गिल)**
सहायक निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्ष
हिंदी शिक्षण योजना/
केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान
सी.बी.डी. बेलापुर, नवी मुंबई

अनुलग्नक- 1/ Annexure-I

| नगर का नाम | केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान का पता जहाँ नामांकन प्रेषित करना है | संबंधित केंद्र के अधिकारी का नाम एवं पदनाम तथा संपर्क सूत्र |
|---|---|---|
| मुंबई | उप निदेशक (पश्चिम)<br>केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान,<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,<br>केंद्रीय सदन, छठा तल, सी विंग<br>सी.बी.डी. बेलापुर<br>नवी मुंबई-400614<br>ईमेल- ddhts-west-dol@nic.in | श्री जसवीर सिंह,<br>सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि)<br>मोबाइल – 9990218203 / 9368826872<br>दूरभाष – 022-27565416 / 20871904<br>ई-मेल – chti1080-chti@gov.in |
| बैंगलुरु | उप निदेशक<br>केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान,<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,<br>केंद्रीय सदन, ए विंग, दूसरा ब्लाक, 5वीं मंजिल,<br>कोरमंगला, बैंगलूरु - 560034<br>ई-मेल- oioc.hts.benglure@gmail.com | श्री अनिल कुमार साहू,<br>सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि)<br>मोबाइल- 8310869315<br>दूरभाष – 080-25537087<br>ई-मेल- chti1064@nic.in |

# नामंकन का प्रपत्र

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान

CENTRAL HINDI TRAINIG SUB INSTITUTE

## प्रशिक्षण हेतु प्रणाली में प्रविष्टि के लिए प्रशिक्षार्थियों का व्यक्तिगत ब्यौरा

हिंदी टंकण/हिंदी आशुलिपि (अल्पकालिक)

पूरक प्रशिक्षार्थियों के लिए अपना रोल नंबर लिखना अनिवार्य है।

Private/Regular
प्राइवेट/नियमित

केंद्रीय सरकार Central Govt. ☐ उपक्रम PSU ☐ बैंक Bank ☐

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षार्थी का नाम | (हिंदी में) | .................................................................. |
| | Name of the Trainee | (In English) | .................................................................. |
| 2 | पितापति का नाम/ | (हिंदी में) | .................................................................. |
| | Father/Husband's Name | (In English) | .................................................................. |
| 3. | प्रशिक्षार्थी का पद नाम | (हिंदी में) | .................................................................. |
| | Designation of the Trainee | (In English) | .................................................................. |
| 4. | मातृभाषा/Mother Tongue | ........................ | लिंग/Gender -: पुरूष स्त्री/ (M/F) |
| 5. | हिंदी भाषा में ज्ञान का स्तर Level of Knowledge in Hindi Language | (√निशान लगाएँ) | दसवीं/बारहवीं/स्नातक $10^{th}/12^{th}$/Graduate |
| 6. | मंत्रालय/विभाग: .......................... | | Ministry/Department : ................................................ |
| 7. | नामित करने वाले अधिकारी का नामव पदनाम:- | | .................................................................. |
| 8. | Name and Designation of The Nominating officer | | .................................................................. |
| 9. | कार्यालय का पूरा नाम एवं पता पिनकोड सहित | | Full Name and Add of the office including Pin Code |

| हिंदी में | In English |
|---|---|
| .................................................................. | .................................................................. |
| .................................................................. | .................................................................. |

10. कार्यालय दूरभाष/office Phone No:- .............................. मोबाइल/MobileNo:- ..............................................................

11. आधार संख्या/Adhar No.:- .............................. ईमेल आईडी-/office e-mail id : ..............................................

12. दिनांक/Date:-.................................................... प्रशिक्षार्थी के हस्ताक्षर :-......................................................

## (कार्यालयीन प्रयोग के लिए)

केंद्र संख्या :-....................................................... कार्यालय कोड........................................................

प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम :-.......................................परीक्षा केंद्र...................................................

रजिस्ट्रेशन सं/अनुक्रमांक/.:-...............................................................................................

संकाय का नाम :-.......................................

के हस्ताक्षर